# डॉ० भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा

(पूर्ववर्ती: आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

पत्रांक : सम्ब०/1912/2026 दिनांक : 16/09/2026

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या, समस्त सम्बद्ध/संघटक महाविद्यालय।
डॉ० भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा।

विषय–'सेवा संकल्प अभियान' के अतंर्गत दिनांक 17.09.2026 को दीप प्रवज्ज्वलन करने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अवगत कराना है कि संयुक्त सचिव, उच्च शिक्षा की अध्यक्षता में दिनांक 16.09.2026 को आयोजित बैठक में प्राप्त निर्देशों के क्रम में 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत दिनांक 17.09.2026 को सायं 06:30 बजे आगरा मण्डल के समस्त राजकीय, अशासकीय एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों में दीप प्रज्वलन कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। उक्त कार्यक्रम हेतु महाविद्यालयवार निर्धारित लक्ष्य निम्नवत् है:–

| क्रम सं० | महाविद्यालय का नाम | दीप प्रवज्ज्वलन का निर्धारित लक्ष्य | समय |
|---|---|---|---|
| 1. | राजकीय महाविद्यालय | 200 प्रति महाविद्यालय | 17.09.2026 सायं 6:30 बजे |
| 2. | अशासकीय महाविद्यालय | 1000 प्रति महाविद्यालय | 17.09.2026 सायं 6:30 बजे |
| 3. | स्ववित्त पोषित महाविद्यालय | 200 प्रति महाविद्यालय | 17.09.2026 सायं 6:30 बजे |

अतः आपसे अपेक्षा है कि 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत निर्धारित तिथि एवं समय पर उपर्युक्तानुसार दीप प्रज्वलन कार्यक्रम आयोजित कराते हुए कार्यक्रम की जियो–टैगिंग सहित फोटोग्राफ ई मेल आई0डी0 dswdbrau@gmail.com पर दिनांक 18.09.2026 अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय

कुलसचिव

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, आगरा।
2. अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डॉ० भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा को इस आशय से प्रेषित कि विश्वविद्यालय के समस्त आवासीय संस्थानों में कार्यक्रम कराने का कष्ट करें।
3. समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/निदेशक/प्रभारी/समन्वयक, आवासीय संस्थान।
4. समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना, डॉ० भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा।
5. प्रभारी, कुलपति सचिवालय, मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
6. प्रो0 बी0पी0 सिंह, प्रभारी वेबसाइट को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
7. विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत एजेंसी को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों के लॉग–इन आई0डी0 पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
8. गार्ड फाइल।

कुलसचिव